अ
परिशिष्ट
[प्रपत्र-अ]

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला उज्जैन

[16/7/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 2545]

विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक–2545

जिला खनिज प्रतिष्ठान की राशि की

परिशिष्ट

वर्षवार प्रश्न दिनांक तक जमा राशि का विवरण

क्रमांक	वित्तिय वर्ष	जमा राशि का विवरण
1	2019–20	0
2	2020–21	2666851
3	2021–22	10774207
4	2022–23	13462646
5	2023–24	23333319
6	2024 (जनवरी 2024 से जून 2024 तक)	5479940
	योग–	**55716963**

(प्रकाश पन्द्रे)
अवर सचिव
म.प्र. शासन, खनिज साधन विभाग

1

Scanned with OKEN Scanne

परिशिष्ट -) [प्रपत्र - ब]

जिला खनिज प्रतिष्ठान कार्यपालक समिति की बैठक दिनांक 24/04/2023 का कार्यवाही विवरण

जिला खनिज अधिकारी, जिला उज्जैन के पत्र क्र. 1014 दिनांक 21/04/2023 के संदर्भ में जिला खनिज प्रतिष्ठान के जिला उज्जैन की कार्यपालिक समिति की बैठक दिनांक 24/04/2023 को कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

मुख्यमंत्री महोदय की घोषणा के पोर्टल अनुसार विधानसभा क्षेत्र महिदपुर जिला उज्जैन के क्षेत्रान्तर्गत प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु चार मंदिरों 1. श्री नारायणा धाम, 2. श्रीरामदेव मंदिर पाताखेड़ी, 3. श्रीराम मंदिर महिदपुर रोड ग्राम पंचायत, गोगापुर, 4. बड़ा श्रीराम मंदिर झारड़ा के जीर्णोद्धार एवं पुर्न निमार्ण कार्य प्रस्तावित किये है। उपरोक्त कार्यो हेतु कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उज्जैन के पत्र क्र. 1419 दिनांक 22/04/2023 द्वारा प्रथम स्तरीय प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत किया गया, प्रस्ताव निम्नानुसार है :-

1. श्री नारायणा धाम (श्रीकृष्ण सुदामा मित्र मण्डल) का जीर्णोद्धार एवं पुर्ननिर्माण कार्य, ग्राम तथा ग्राम पंचायत नारायणा। अनुमानित व्यय राशि रू. 150.68 लाख
2. श्री रामदेव मंदिर, का जीर्णोद्धार एवं पुर्ननिर्माण कार्य ग्राम एवं ग्राम पंचायत, पाताखेड़ी अनुमानित राशि रू. 198.87 लाख
3. बड़ा श्रीराम मंदिर का जीर्णोद्धार एवं पुर्ननिर्माण कार्य ग्राम एवं ग्राम पंचायत, झारड़ा अनुमानित राशि रू. 350.66 लाख
4. श्रीराम मंदिर महिदपुर रोड़ का जीर्णोद्धार एवं पुर्ननिर्माण कार्य ग्राम एवं ग्राम पंचायत, गोगापुर अनुमानित राशि रू. 126.55 लाख

समिति द्वारा सरल क्र. 1 से 3 तक के शासकीय मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं पुर्ननिर्माण कार्य हेतु विचार किया गया एवं कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उज्जैन के पत्र क्र. 1419 दिनांक 22/04/2023 अनुसार सरल क्र. 4 पर अंकित श्रीराम मंदिर महिदपुर रोड़, गोगापुर के निजी भूमि पर स्थित होने से विचार नहीं किया गया।

जिला खनिज अधिकारी, जिला उज्जैन के पत्र क्र. 1017 दिनांक 26/04/2023 के अनुसार वर्तमान में राशि रू. 277.00 लाख उपलब्ध है, जबकि प्रस्ताव उक्त राशि से अधिक के है।

उपरोक्तानुसार विचार में लिये गये प्रस्ताव राजपत्र म.प्र. राज्य पत्र असाधारण खनीज साधन विभाग, भोपाल दिनांक 25/08/2022 एवं दिनांक 28/07/2016 के बिन्दु क्र. 13 में उल्लेखित गतिविधियों में उक्त विचार में लिए गये कार्य सम्मलित नहीं है, किन्तु उक्त विचार में लिए गये कार्य माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा की गई घोषणा में सम्मिलित है, इसलिए संबंधित विभाग/शासन की स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जावे।

अतः म.प्र. राज्य पत्र असाधारण खनिज साधन विभाग, भोपाल 28/07/2016 तथा म.प्र. राज्य पत्र असाधारण खनिज साधन विभाग, भोपाल दिनांक 25/08/2022 में दिये गये नियमों/निर्देशों के अनुसार विचार में लिये गये प्रस्तावों की सैद्धांतिक स्वीकृति/अभिमत हेतु जिला खनिज अधिकारी, जिला उज्जैन द्वारा प्रकरण संबंधित विभाग को राजपत्र में दी गई प्रक्रिया अनुसार प्रेषित किया जावे।

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज प्रतिष्ठान कार्यपालक समिति जिला उज्जैन	मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, उज्जैन	वन मण्डलाधिकारी जिला उज्जैन	कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उज्जैन	कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, उज्जैन
कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, उज्जैन	कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उज्जैन	उप संचालक कृषि विभाग, उज्जैन	अग्रणी बैंक प्रबंधक जिला उज्जैन	प्रभारी अधिकारी (खनिज) जिला उज्जैन

(प्रवीण पान्दे)
अवर सचिव
म.प्र. शासन, खनिज साधन विभाग

Scanned with OKEN Scanner